विधान परिषद के तृतीय सत्र 2022 के प्रथम मंगलवार हेतु निर्धारित श्री भीमराव अम्बेडकर, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या–2 का उत्तर।

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 2– (क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जन जाति के लोग निवास करते हैं? | जी हॉ |
| (ख) यदि हाँ, तो कौन–कौन सी जातियॉ अनुसूचित जनजाति में दर्ज हैं और वे किस–किस जनपद में रहती है? | भारत सरकार के राजपत्र अनुसूचित जातियां एवं अनुसूचित जनजातियां आदेश (संशोधन) एक्ट, 1967 एवं 2002 में उ0 प्र0 की अनुसूचित जनजाति की सूची में सूचीबद्ध भारत सरकार के राजपत्र अनुसूचित जातियां एवं अनुसूचित जनजातियां आदेश (संशोधन) एक्ट 1976 का विवरण निम्नवत है–<br>1. भोटिया – सम्पूर्ण उ0 प्र0 में।<br>2. बुक्सा – सम्पूर्ण उ0 प्र0 में।<br>3. जौनसारी – सम्पूर्ण उ0 प्र0 में।<br>4. राजी– सम्पूर्ण उ0 प्र0 में।<br>5. थारू– सम्पूर्ण उ0 प्र0 में।<br>6. गोंड तथा उसकी पर्याय– धुरिया, नायक, ओझा, पठारी तथा राजगोंड ( जनपद–महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बस्ती, गोरखपुर, देवरिया, मऊ, आजमगढ़, जौनपुर, बलिया, गाजीपुर, वाराणसी, मिर्जापुर तथा सोनभद्र)<br>7. खरवार, खैरवार– ( जनपद– देवरिया, बलिया, गाजीपुर तथा सोनभद्र)<br>8. सहरया– जनपद ललितपुर<br>9. परहिया– जनपद सोनभद्र<br>10. बैगा– जनपद सोनभद्र<br>11. पंखा, पनिका– जनपद सोनभद्र व मिर्जापुर<br>12. अगरिया– जनपद सोनभद्र<br>13. पटारी– जनपद सोनभद्र<br>14. चेरो – जनपद सोनभद्र व वाराणसी<br>15. भुइया, भुनिया – जनपद सोनभद्र |
| (ग) क्या बैगा सपेरा जाति को अनुसूचित जनजाति के रूप में दर्ज करने पर विचार करेगें? | भारत सरकार के राजपत्र अनुसूचित जातियां एवं अनुसूचित जनजातियां आदेश (संशोधन) एक्ट, 2002 में उ0 प्र0 की अनुसूचित जनजाति की सूची में **बैगा जाति** क्रमांक–10 पर जनपद सोनभद्र में सूचीबद्ध है तथा **सपेरा जाति** उ0 प्र0 शासन, समाज कल्याण अनुभाग–3 के शासनादेश संख्या–22सीएम/ 26–3–2013 लखनऊ दिनांक 10 जून, 2013 में विमुक्त घुमन्तू जातियॉ (सूची–ख) के क्रमाक–14 पर सपेरा (सपेरिया) जनपद इलाहाबाद , मथुरा तथा सहारनपुर में क्षेत्रीय प्रतिबन्ध के साथ सूचीबद्ध है।<br>किसी जाति को अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति में सम्मिलित करने हेतु अनुच्छेद 341(1) तथा 342(1) की संवैधानिक व्यवस्थानुसार/विधिक/प्रशासनिक प्रक्रियानुसार कार्यवाही भारत सरकार द्वारा की जाती है। |
| (घ) यदि हॉ, तो कब तक? | उपरोक्तानुसार |
| (ड.) यदि नहीं, तो क्यों? | उपरोक्तानुसार |

असीम अरूण
राज्य मंत्री (स्व0प्र0)।